आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- श्री विजयपुरम में आज फुल ड्रेस रिहर्सल और 29 जनवरी बीटिंग द रिट्रीट के लिए विशेष यातायात व्यवस्थाएं की गई हैं।
- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा– पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने में मैत्री योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- श्री विजयपुरम में आज से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है।
- राज्य बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप और राज्य एथलेटिक्स एवं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 31 जनवरी से आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

बीटिंग द रिट्रीट को देखते हुए आज फुल ड्रेस रिहर्सल और 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट के लिए यातायात व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके तहत ग्रीन–पी कार्डधारक वाले उपराज्यपाल और अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के वाहन नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क किए जाएंगे। पिंक–पी कार्डधारक वाहन अंडमान क्लब के पास और साई स्पोट्‌र्स परिसर के सामने वाली पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। पी–1 कार्डधारक वाले वाहनों को मॉडल स्कूल–घंटा घर–जिमखाना क्रॉसिंग होते हुए नेताजी स्टेडियम पहुंचना होगा और जलक्रीड़ा परिसर स्थित स्विमिंग पूल और सुनामी स्मारक के पास सड़क किनारे वाहन पार्क करने होंगे। बिना पास वाले अन्य सभी वाहन गर्ल्स स्कूल के पास पार्क किए जाएंगे। 'P' लेबल वाले वाहन किसी भी मार्ग का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट तक कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना होगा। समारोह के बाद, P कार्डधारक वाहनों को स्काउट हट जंक्शन – विकास भवन – फायर ब्रिगेड – टेलीफोन एक्सचेंज से ए पी डब्ल्यू डी क्रॉसिंग होकर जाना होगा। शाम साढ़े चार बजे से समारोह के समाप्त होने तक, अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल – APWD क्रॉसिंग – मुरुगन मंदिर – सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन की ओर मोड़ दिया जाएगा। शाम साढ़े चार से साढ़े छः बजे तक वाई नारायण जंक्शन से धर्मशाला, आर.के. मिशन और लोक निवास से नेताजी स्टेडियम होते हुए वाई नारायण जंक्शन तक सभी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

इस दौरान किसी भी वाहन को अबरडीन बाजार की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 29 जनवरी  को अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप, नॉर्थ बे आदि जाने वाली सभी निजी पर्यटक नौकाओं को जंगलीघाट जेट्टी पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

<><><><><><>

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत प्रमुख पहल–ग्रामीण भारत बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन–मैत्री और पशुपालन अवसंरचना विकास कोष के लाभार्थियों से संवाद किया। श्री सिंह ने कहा कि पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और समग्र उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम लागू करने में मैत्री योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। पशुपालन अवसंरचना विकास कोष योजना के बारे में उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पशुपालन क्षेत्र में अवसंरचना सुदृढ़ करना है। इसमें किसानों के साथ दुग्ध सहकारी समितियां बनाना और दुग्ध संग्रहण और प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने जैसी दुग्ध विकास परियोजनाएं शामिल हैं।

<><><><><><>

सक्रिय शासन और सरकारी योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू करने के प्रधानमंत्री के प्रमुख मंच– प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के सफल आयोजन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में प्रगति की शुरूआत की थी। आज, इस विशेष श्रृंखला में, हम ओडिशा में स्थित हरिदासपुर–पारादीप नई रेल लाइन पर एक नज़र डालते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से 10 फरवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्वा सिन्हा राय मामलों की सुनवाई करेंगे।

इस बीच, उप–पंजीयक, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, कोलकाता पीठ की ओर से श्री विजयपुरम में 9 फरवरी से 20 फरवरी तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि के दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले CAT के समक्ष लंबित पड़े हैं, उनसे अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील या पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करने को कहा गया है।

सभी विभागाध्यक्षों से अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

राज्य बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप और राज्य एथलेटिक्स एवं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 31 जनवरी और 1 फरवरी, को श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित खिलाड़ियों से गूगल फॉर्म लिंक को भरकर अपनी भागीदारी सुनिश्चत करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से नेताजी खेल परिसर स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। ये नियुक्तियाँ पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होंगी, जो भारत सरकार के खेल और युवा मामले मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया योजना के जारी रहने तक, अधिकतम 4 वर्ष की अवधि के लिए होंगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से निदेशालय, खेल और युवा मामले के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और राज्य पोर्टल पर उपलब्ध हैं। आवेदन आज से 16 फरवरी शाम 5 बजे तक खेल सचिव या खेल निदेशक के पते पर किया जा सकता है।

<><><><><><><>

निकोबार वन प्रभाग, कैंपबेल बे में 'मज़दूर' के पद के लिए आवेदन करने वाले सभी संबंधित पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची निकोबार वन प्रभाग, कैंपबेल बे, के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। सूची वन विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई हैं। इस संबंध में उम्मीदवार जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने दावे और आपत्तियाँ निकोबार वन विभाग के भर्ती प्रकोष्ठ में 31 जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच भेज सकते है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र ने टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सहयोग से आईक्यूएसी पहल के तहत ''मूल्यांकन के लिए संस्थानों को सशक्त बनाना'' विषय पर विशेष विचार–विमर्श सत्र का आयोजन किया।

कार्यक्रम में जेएनआरएम, एनकॉल और अंडमान लॉ कॉलेज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे एक छात्र के लिए परीक्षा का महत्व होता है, वैसे ही एक संस्थान के लिए मूल्यांकन का महत्व होता है। उनके अनुसार, सबसे पहले प्रत्येक संस्थान को अपनी वेबसाइटों को अपडेट और उपयोगकर्ता के अनुकूल रखनी चाहिए।

<><><><><><><>

भुवनेश्वर के एसओए विश्वविद्यालय में आयोजित 16वें ओडिशा ओपन चेस टूर्नामेंट में द्वीपों के खिलाड़ी जे. एस. विराट ने 1700 रेटिंग से नीचे की श्रेणी में 7वां स्थान हासिल किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के बीच 9 राउंड में से 7.5 अंक अर्जित किए। अंतिम दौर में, उन्होंने मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त किया।

<><><><><><><>